तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 11 मई 2024

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]


## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने ग्राम पुजारीपाली और छिबर्रा के बीच आरोपी महादेव तरिया उर्फ रैंधिया पिता दशरथ तरिया के कब्जे से 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### वॉट्सएप पर सट्टा खिला रही महिला गिरफ्तार

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने नगर के नयापारा में मोबाइल के जरिए सट्टा खिला रही एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के खिलाफ धारा 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक महिला संतोषी मंदिर के पास नयापारा महासमुंद मे मोबाईल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खिला रही है। पुलिस ने मुखबिर की निशानदेही पर पहुंचकर महिला से पूछताछ की। जिस पर आरोपी ने अपना नाम हीरा ध्रुव पिता कन्हैया ध्रुव (36) निवासी वार्ड नं 7 संतोषी मंदिर के पास नयापारा महासमुंद का निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे से 01 नग वन प्लस नॉर्ड सीई 5जी कंपनी का टचस्क्रीन मोबाइल कीमत करीबन 10000 रुपए, मोबाइल स्क्रीनशॉट 24 नग जिसमे रुपए पैसों का दांव लगा हुआ सट्टा पट्टी, नगद रकम 710 रुपए कुल 10710 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### ट्रैक्टर को गली में रखने को लेकर विवाद, मारपीट



**महासमुंद।** ट्रैक्टर को गली में रखने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस को प्रार्थी युधिष्ठिर निषाद पिता हीरालाल निषाद (32) ग्राम तरेकेल चौकी भंवरपुर ने बताया कि 8 मई को रात करीबन 9 बजे रात को मैं अपने ट्रैक्टर को आंगनबाड़ी के पास खड़ा किया था, जिस पर गांव के दिल कुमार एवं कृष पटेल द्वारा ट्रैक्टर को गली में खड़ा करने से आने जाने में दिक्कत हो रही कहते हुए गाली गलौज की गई, वहीं जान से मारने की धमकी देकर हाथ में रखे डंडा से दोनों ने एक राय होकर मारपीट किया। जिससे मेरे पीठ, बाएं हाथ, सिर में चोट लगी है। वहीं दोनों आरोपियों ने कुछ समय बाद मेरे घर पहुंचकर मोटर सायकल एवं तखत को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही मेरी मां राधाबाई के साथ दिल कुमार की पत्नी पदमा, उसकी मां कलावती ने भी विवाद किया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 427, 34 के अंतर्गत कार्रवाई की है।

# अक्ती पर्व पर किसानों ने निकाला धान बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



नगर सहित क्षेत्र मे अक्षय तृतीया अक्ति पर गुड्डा गुड़ियों की शादी बाजे गाजे के साथ धुमधाम से की गई। इसके लिए बकायदा मंडप भी सजाया गया था तथा लोगों ने खुशी-खुशी उपहार भी दिए। इसी के साथ किसानों ने अक्षय तृतीया पर किसानी के नवा बछर की शुरुआत की। पांच–पांच मुठ्ठी धान बीज को खेतों में छिड़कर शुभारंभ करते हुए बीज निकालकर माटी महतारी की पूजा अर्चना करके बोनी की शुरूआत की। नदी, तालाबो में लोगों ने पितरों के मोक्ष के लिये अक्ती पानी देकर पितरों को याद कर विशेष पूजा अर्चना किये। किसानों ने ग्राम के गणेश मंदिर, शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, महामाया मंदिर, शीतला मंदिर और ठाकुर देव, सहाड़ा देवता, बाबा देव धाम, शनिदेव और सभी माता देवालय सहित प्रमुख देवी–देवताओं को पांच–पांच मुठ्ठी धान चढ़ाए। साथ ही घरों में पूजा–अर्चना और खेतों में धूप हवन देकर और श्रीफल तोड़कर ईश्वर को अच्छी फसल की कामना की। विगत कई वर्षों से जिला योग प्रचारक दीपक कुमार वर्मा परंपरा को बनाए रखते हुए सुबह से ही सभी माता देवालय सहित और अपने खेतों में जाकर के ग्राम के सभी देवी देवताओं को आवाह्न करते हुए नवा किसानी बछर की शुरुआत की। इस दौरान किसान बिमला बाई, धर्मेंद्र वर्मा, रोहित, तीजराम वर्मा सहित किसानों ने पूजा अर्चना की।



## अक्षय तृतीया पर पुतरी-पुतरा का विवाह

**बंगोली।** अक्षय तृतीया बैसाख शुक्ल पक्ष दसवीं तिथि को मनाया गया। अक्षय तृतीया को अक्ती भी कहा जाता है।विवाह योग्य वर-वधु का इस दिन भारी संख्या में विवाह अक्ती भॉवर लिया गया। इस दिन ग्रामीण अंचलों में पुतरी-पुतरा का विवाह किया गया, जिसमें डाली कंडरा, धनेश्वरी कंडरा (शिक्षक) एवं भुवन कंडरा (शिक्षक) ने अपने निवास में विवाह का रस्म बाजे गाजे के साथ संपन्न कर अक्षय तृतीया पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह विवाह पूरे रस्मों के साथ किया गया। किसानों ने अक्षय तृतीया के दिन अपने खेत में धान का छिड़काव कर उसी धान को अपने घर में आगामी नया फसल हेतू उचित धान बीज को पोटली में बॉधकर उचित बीज का चयन करते हैं।अक्षय तृतीया पर ग्रामीण अंचलों में मृतकों को पानी दिया गया। इस दिन पोरा में धान व पानी भरकर ग्राम के इष्ट देवी देवताओं को अर्पण किया गया।

## अभियान : किशोरी प्रशासन की सूझ-बूझ से बालिका वधू बनने से बच गई

# महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने ऐन वक्त पर रुकवाई शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

दुल्हन के हाथों में मेंहदी लग चुकी थी, मंडप में दुल्हन की हल्दी की रस्म चल ही रही थी, घर वाले शादी की तैयारियों में व्यस्त थे, कि तभी अचानक घर पर पुलिस आ धमकी। इस कारण परिवार वालों को शादी बीच में रोकनी पड़ी।

जानकारी के अनुसार पलारी थाना क्षेत्र के दतान गांव में एक नाबालिग किशोरी प्रशासन की सूझ-बूझ से बालिका वधू बनने से बच गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की रेस्क्यू टीम ने नाबालिग की शादी रुकवा दी। गुरुवार को जिले के महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी नीरज ठाकुर को सूचना मिली कि, पलारी थाना अंतर्गत ग्राम दतान में नाबालिग किशोरी का विवाह कराया जा रहा है। इस पर टीम ग्राम दतान पहुंची और लड़की का जन्म प्रमाण पत्र एवं स्कूल सर्टिफिकेट चेक किया, जहां लड़की नाबालिग पाई गई। अभी वह 17 साल 3 महीने की ही थी, लेकिन उसका उसका विवाह किया जा रहा था।

### हल्दी रस्म के बीच पहुंची पुलिस



### मान-मनौवल के बाद माने परिजन

काफी मान मन्नौवाल के बाद लड़की के परिजन शादी रोकने के लिए राजी हुए। इस तरह प्रशासन की सजगता से एक बेटी बालिका वधु बनने से बच गई। पूरे रेस्क्यू में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी नीरज ठाकुर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पुलिस विभाग से एएसआई राजेश सेन, महिला आरक्षक आशा भारती ग्राम दतान के सरपंच वेदप्रकाश वर्मा सहित अनेक सदस्यों का सहयोग रहा।

### वर पक्ष को भी दी समझाइश

अफसरों और पुलिस की टीम ने तत्काल एक्शन लेते हुए किशोरी का विवाह रुकवाया दिया। उनके घरवालों को समझाइश दी गई कि, अपनी पुत्री का विवाह 18 वर्ष होने के बाद ही करें। वहीं लड़के पक्ष वालों को भी बुलाकर उन्हें भी समझाइश दी गई।

### बाल विवाह कानूनन अपराध

बता दें कि, बाल विवाह को कानूनन मान्यता नहीं है। ये एक अपराध है। ये जानते हुए भी समाज में व्याप्त परंपरा और अन्य रूढ़िवादी कुरीतियों के तहत आज भी नाबालिग लड़कियों को बालिका वधू बनाने का कार्य जारी है।

### नाबालिग विवाह की रोकथाम के लिए मोबाइल नंबर जारी

मुड़पार-सरसीवां। लड़की के 18 वर्ष और लड़के का 21 वर्ष पूर्ण होने के बाद शादी की जा सकती है। समाज में अभी भी कहीं-कहीं आयु का निर्धारण किए बिना चोरी छिपे शादी की जाती है। ऐसे नाबालिग 18 वर्ष से कम आयु के लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कानूनन अपराध है। यह बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। ऐसे नाबालिग विवाह के रोकथाम के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी परियोजना अधिकारी और सुपरवाइजर को प्रतिषेध अधिकारी है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में ऐसे बाल नाबालिग विवाह के रोकथाम के लिए अपने नजदीकी पुलिस थाना, जिला बाल सरंक्षण अधिकारी रायगढ़ और बलौदाबाजार भाटापारा से संपर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि अक्षय तृतीया जैसे विशेष विवाह लग्न में ऐसे विवाह होने की संभावना ज्यादा रहती है।

# विधायक साव ने ग्रामीणों से की मुलाकात और सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ब्लॉक के ग्राम मांढर ब एवं खैरघट में विधायक इंद्र साव ने जन चौपाल लगा कर ग्रामीणों से रूबरू होते हुए विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में सहयोग के लिए ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ग्राम की समस्याओं से अवगत होते हुए विधायक ने जल्द निराकृत करने की बात कही। ग्रामीणों ने विधायक को अपने बीच पाकर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के पश्चात गांव की ओर मुंह नहीं करते, मगर विधायक साव ने हमारे बीच आकर व्यवस्था को सुधारने का जो प्रयास किया है, वह अनुकरणीय है तथा हमें भरोसा दिलाया है कि गांव की मूलभूत समस्याओं के साथ–साथ बड़ी समस्याओं जैसे नदी का कटाव, ट्रांसफार्मर की मांग, सड़क व्यवस्था को भी दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है। श्री साव ने ग्रामीणों को भरोसा देते हुए कहा कि आप लोगों ने जो आशीर्वाद कांग्रेस पार्टी को दिया है, उसके लिए मैं हमेशा आपका आभारी रहूंगा और जो भी सामूहिक समस्याएं या विकास कार्यों से संबंधित जनता की मांग है उन्हें प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। मेरी हर संभव कोशिश रहेगी बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को दूर करते हुए बेहतर से बेहतर तरीके से जनता को इनका लाभ दिला सकूं। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, श्यामलाल देवांगन, लाला वर्मा, हरिनभट्ठा सरपंच रणजीत सोनवानी, उप सरपंच लोमन धृतलहरे, सरिता धृतलहरे, देव कुमार, अर्जुन धृतलहरे, रामकुमार, ध्वजा राम, सनत धृतलहरे, हेमू धृतलहरे, दयाराम टंडन, चालेश्वर धृतलहरे, देवचरण मारकंडे, लखन धृतलहरे, डेरहू प्रसाद पात्रे, रामजीवन निषाद, गीता राम ध्रुव, जनक मिरी, कुंवरलाल, विजय, पवन, दिनेश पटेल आदि उपस्थित थे।

- लोकसभा चुनाव समापन के बाद ग्रामीणों की समस्याएं सुनने निकल पड़े गांव की ओर

# आत्मानंद में बच्चों की भर्ती के लिए ऑफ लाइन आवेदन कल तक जमा होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



नगर पंचायत में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम गुरु घासीदास शासकीय विद्यालय में नये सत्र के लिए बच्चों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ है। इसमें कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, नवमी और ग्यारहवीं के रिक्त पदों के लिए फॉर्म जमा किया जा रहा है। इसके लिए आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई थी। जो व्यक्ति अब तक अपने बच्चों का आवेदन नहीं किए है वे ऑफलाइन आवेदन 12 मई तक विद्यालय में सुबह 10.30 से 4 बजे तक जमा कर सकते हैं। साथ ही पूर्व में जमा किए गए सभी दस्तावेजो का सत्यापन भी 11 और 12 मई को किया जावेगा। विद्यालय रविवार को भी खुला रहेगा। अतः जो ऑनलाइन आवेदन जमा किए हैं वे अपने साथ आवेदन में निर्धारित प्रमुख दस्तावेज़ कक्षा पहली के लिए प्रमुख दस्तावेज़ - आवेदन पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फोटो, राशन कार्ड, सरपंच का जाति, निवास, आय और बैंक खाता। इसी तरह से अन्य कक्षाओ के लिए प्रमुख दस्तावेज़, आवेदन पत्र, पूर्व कक्षा की अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फोटो, राशन कार्ड, सरपंच का जाति, निवास, आय और बैंक खाता के साथ उपस्थित होकर अपना दस्तावेज़ सत्यापन करा लें। उसके बाद पात्र अपात्र सूची का प्रकाशन दिनांक 13 से 14 मई तक किया जावेगा। इसमें पात्र बच्चों की भर्ती प्रक्रिया लाटरी के माध्यम से 15 मई को विद्यालयीन समय में की जावेगी।

# सड़क हादसे में नगर सैनिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



शुक्रवार को एक सड़क हादसे में नगर सैनिक की जवान की मौत हो गई। घटना कोदवा मोड़ के पास घटी, जहां जवान तान सिंह निवासी संडी जो ड्यूटी के लिए निकला था और कोदवा मोड़ के पास ट्रक की चपेट में आ गया। जवान को गंभीर हालत में पलारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें बलौदाबाजार जिला अस्पताल रैफर किया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक जवान नगर सेना मुख्यालय अमेंरा में पदस्थ था। कलेक्टर ने सड़क हादसे में मृत होम गार्ड जवान के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

### शोकाकुल परिजनों का बंधाया ढांढस

कलेक्टर केएल चौहान ने शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में निधन हुए होम गार्ड के जवान स्व. तानसिंह साहू के ग्राम सण्डी स्थित निवास पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने स्व. साहू के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अकस्मात हुए अपूर्णीय क्षति को सहन करने ढांढस बंधाया। उन्होंने परिजनों को तत्काल सहायता राशि प्रदान करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने स्व श्री साहू के अंतिम यात्रा में भी शामिल हुए। ज्ञातव्य है कि कलेक्ट्रेट में पदस्थ करीब 39 वर्षीय होमगार्ड तानसिंह साहू की शुक्रवार को प्रातः मोटर सायकिल से बलौदाबाजार ड्यूटी आने के दौरान पलारी थाना अंतर्गत ग्राम कोटवा के पास ट्रक द्वारा मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिए जाने से गम्भीर चोट लगने के कारण मृत्यु हो गई। स्व. श्री साहू अपनी पत्नी एवं दो बच्चों को छोड़ गए हैं। इस दौरान एसडीएम श्यामा पटेल, तहसीलदार देवेंद्र नेताम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## लोग भीषण गर्मी में पानी के लिए भटक रहे

# दो-दो टंकी फिर भी मुड़पारवासियों को नसीब नहीं हो रहा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

इस समय लोग भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं और इस गर्मी में यदि पानी की किल्लत बनी रहेगी तो ग्रामीणों पर क्या बितती होगी यह हर कोई समझ सकता है, लेकिन यह समस्या संबंधित विभाग के आधिकारी को नहीं दिखती। पानी के लिए यहां कहने को दो-दो पानी टंकी निर्मित है, लेकिन आज पर्यंत विभाग पानी सप्लाई नहीं कर रहा है, जिससे मुड़पार के ग्रामीण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के इस कृत्य से खफा है। गर्मी चरम पर है और जैसे–जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है, भूजल स्तर नीचे गिरने से क्षेत्र में पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है। बढ़ती गर्मी से पेयजल की समस्या और बढ़ने लगी है और इसे लेकर मुड़पार सहित पूरे सरसीवां अंचल के लोगों को इस समस्या से जूझना पड़ रहा है।

विदित हो कि मुड़पार में पानी की सप्लाई के लिए करीब 15 से 20 लाख से 2016 में पानी टंकी का निमार्ण कराया गया था, लेकिन बोर से पानी नहीं निकलने पर आज पर्यंत पानी नहीं मिला। वहीं पिछले साल नल जल योजना के तहत करीब डेढ़ करोड़ रुपए फिर फूंक दिया, इससे भी पानी सप्लाई नहीं हो रही है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि जब बोरिंग खुदा दिया गया है, मोटर भी लगा दी गई तो गर्मी के मद्देनजर विभाग को अब पानी सप्लाई शुरू कर देना चाहिए।

### ग्रामीण जनप्रतिनिधि से लगा रहें गुहार



गर्मी तो अप्रैल से कहर बरपा रही है और देखते ही देखते अंचल के गांव के तालाब सूखने लगे हैं। इसके अलावा पानी का स्तर भी काफी नीचे चला गया है। गिरते जलस्तर के चलते हैंडपंपों में पानी नहीं आ रहा और बोर पंप भी ड्राई हो चुके हैं। बोर पंप ड्राई होने से ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है और परेशान लोग अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि से इस समस्या से जल्द ही दूर करने की गुहार लगा रहे हैं। बढ़ती समस्या के मामले में स्थानीय लोग बताते हैं, कि गर्मी से पहले इसकी तैयारी की जानी थी, लेकिन पीएचई विभाग की लापरवाही से उन्हें पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। मुड़पार में तो करोड़ों रुपए के दो-दो पानी टंकी निर्मित की गई है फिर भी पानी नसीब नहीं हो रहा है। इस मामले में लोगों का कहना है कि गांव में जब पानी का श्रोत नहीं है तो जनता और सरकार की बड़ी राशि बर्बाद नहीं करना चाहिए था।

### बोरिंग में पानी का स्रोत कम : एसडीओ

इस सन्दर्भ में बिलाईगढ़ के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ मनोज दाखोडे ने बताया कि मुड़पार में बोरिंग में कम पानी होने के कारण पानी सप्लाई नहीं की जा सकी है। हमने शासन को महानदी के पानी को गांव तक पहुंचाने के लिए कार्य योजना बनाकर भेज दिए हैं। स्वीकृति मिलते ही इस पर कार्य किया जाएगा। इसके बाद पर्याप्त मात्रा में ग्रामीणों को पानी मिलने लगेगा।

### इलाज कराकर लौट रहे दंपत्ति का एक्सीडेंट

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत छांदनपुर रोड के पास पिकअप की टक्कर से बाइक में सवार दंपत्ति घायल हो गए। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को प्रार्थी टोमन साहू पिता बसंत साहू (22) निवासी फुलवारी थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार ने बताया कि 2 मई को मेरे पिताजी बसंत कुमार साहू (46) मेरी मां लताबाई साहू (40) को मोटर सायकल क्र. सीजी 04 डीएन 0301 से इलाज कराने भंवरपुर लेकर आए थे। इलाज कराने के बाद भंवरपुर से पिताजी बसना से सांकरा होते हुए फुलवारी जा रहे थे, तभी छांदनपुर मोड के पास सुबह 9 बजे रांग साइड से सांकरा की ओर से आ रही वाहन पिकअप वाहन क्र. सीजी 06 जीजेड 3055 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से बाइक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में मेरे पिताजी के दाहिने जांघ, दाहिने हाथ के कलाई एवं पैरों में चोटें आई है एवं मां लताबाई साहू को दांये पैर के जांघ कमर, सिर में चोटें आई है।


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से पीठासीन सदस्य ने की मुलाकात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण के पीठासीन सदस्य सोनल कुमार गुप्ता ने गुरुवार को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राज भवन में सौजन्य भेंट की। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी अधिवक्ता रुचि उपाध्याय गुप्ता भी साथ मौजूद रही। राज्यपाल को श्री गुप्ता ने बताया कि पिछले दो वर्षों से छत्तीसगढ़ राज्य बाल आयोग द्वारा लगातार बच्चों की हित में बहुत ही उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है, आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति भी राज्यपाल को सौंपी। साथ ही आयोग द्वारा बालहित में किए गए कार्यों की एक फाइल बनाकर भी उन्होंने राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत की, जिस पर राज्यपाल ने उनके प्रयासों की सराहना की।

### सीए भावेश बने जीएसटी समिति के विशेष सदस्य

**रायपुर।** कर विषय में अपने योगदान और विशेषज्ञता के प्रति



एक महत्वपूर्ण मान्यता के रूप में चार्टर्ड एकाउंटेंट भावेश मित्तल को भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इंस्टीट्यूट नई दिल्ली द्वारा गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) समिति के विशेष सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। एक विशेष सदस्य के रूप में उन्हें भारत सरकार, राज्य सरकारें, केंद्र शासित प्रदेश, जीएसटी परिषद, गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क (GSTN), और अन्य प्रासंगिक प्राधिकरणों के साथ सलाह देने और सहयोग करने की प्रमुख जिम्मेदारी होगी।

### कपल म्यूजिकल ग्रुप की प्रस्तुति आज

**रायपुर।** कपल म्यूजिकल ग्रुप एक बार फिर से पति-पत्नी को लेकर सीजन-3 मिले सुर मेरा तुम्हारा शीर्षक से बेहतरीन सुरमयी शाम लेकर 11 मई को आ रहे हैं। यह कार्यक्रम रजबंधा मैदान स्थित मायाराम सुरजन हॉल में शाम 6.30 बजे से रात्रि 11 बजे तक होगा। कार्यक्रम के दौरान नए एवं पुराने गीतों को पति-पत्नी अपने खास अंदाज में गाकर अपनी भावनाओं को व्यक्त करेंगे। कपल म्यूजिकल ग्रुप के व्यवस्थापक एवं संस्थापक कमल बड़वानी, डायरेक्टर राजधानी के प्रसिद्ध संगीत गुरु घनश्याम शर्मा, नीता शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. रितु दीपक श्रीवास्तव, मंजू भानू लुनिया, रेखा विजय पंजवानी, दीप्ति राहुल सिन्हा, ज्योति सुनील कोरी, निशा कमल बड़वानी, संगीता प्रदीप देवांगन, सागोरिका ललित सिन्हा, कृष्णा शेषगिरी राव आदि हैं।

# प्रीपैड स्मार्ट मीटर में भी बीपीएल को 30 यूनिट मुफ्त बिजली देने की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगने का काम प्रारंभ हो गया है। पहले चरण में सरकारी दफ्तरों के साथ फीडरों और ट्रांसफार्मरों में मीटर लग रहे हैं। आने वाले समय में सभी उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर उसके स्थान पर स्मार्ट मीटर लगेंगे।

ये मीटर जब लग जाएंगे, तो उपभोक्ताओं को बिजली की खपत करने से पहले रीचार्ज कराना होगा। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जिन बीपीएल के 20 लाख उपभोक्ताओं को 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है, उसका रीचार्ज कौन कराएगा। इसका जवाब अब यह है कि 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलने के बाद उपभोक्ताओं को अपना रीचार्ज कराने का मैसेज आएगा। 30 यूनिट मुफ्त बिजली का पैसा पहले ही तरह ही प्रदेश सरकार वहन करेगी। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में प्रीपैड मोड में स्मार्ट लगाने का आदेश जारी किया है। इसकी अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के कारण इसको हर राज्य को लगाना है।

छत्तीसगढ़ में भी इस योजना पर काम प्रारंभ हो गया है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी और बाकी स्थानों पर जीनस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का काम मिला है। कंपनियों ने स्मार्ट मीटर लगाने काम प्रारंभ कर दिया है। प्रारंभ में कुछ माह तो मीटर पोस्टपैड ही रहेंगे, लेकिन इसके बाद व्यवस्था होते ही सभी मीटरों को प्रीपैड कर दिया जाएगा।

## 20 लाख बीपीएल उपभोक्ताओं के भी पुराने मीटर बदले जाएंगे

### मिलती रहेगी मुफ्त बिजली

स्मार्ट मीटर योजना में बीपीएल को लेकर बड़ा पेंच फंसा हुआ था। इस वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार 30 यूनिट बिजली मुफ्त देती है। इसके बाद के यूनिट के इनको पैसे लगते हैं। हालांकि ज्यादातर उपभोक्ता 30 यूनिट के बाद के पैसे भी सालों से जमा नहीं कर रहे हैं, इसके बाद भी इनकी बिजली कट नहीं की जाती, लेकिन मीटर प्रीपैड होने पर इनकी बिजली कट हो जाएगी। यही वजह है प्रदेश सरकार चाहती थी कि बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को योजना से अलग रखा जाए, लेकिन केंद्र सरकार ने यह बात नहीं मानी है। अब सभी बीपीएल वर्ग के उपभोक्ता के मीटर भी बदले जाएंगे। ऐसे में अब पॉवर कंपनी ने तय किया है कि बीपीएल वर्ग को जो 30 यूनिट बिजली हर माह मुफ्त मिलती है, वह उसी तरह से मिलेगी जैसे अब तक मिलती है।



### सॉफ्टवेयर में होगी व्यवस्था

पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक सॉफ्टवेयर बनाया जा रहा है, जिसमें जहां 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना के हिसाब से ही 400 यूनिट तक रोज आधे पैसे रीचार्ज से कटेंगे, वहीं बीपीएल के उपभोक्ताओं को 30 यूनिट तक रीचार्ज नहीं कराना पड़ेगा। 30 यूनिट बिजली समाप्त होने से पहले ही उपभोक्ताओं को दो दिन पहले मैसेज आएगा कि उनको अब आगे बिजली का उपयोग करने के लिए रीचार्ज कराना होगा। ऐसा होने से पॉवर कंपनी का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जो उपभोक्ता बरसों से 30 यूनिट बिजली से ज्यादा की खपत करने के बाद भी बिल जमा नहीं कर रहे हैं, उनको हर हाल में रीचार्ज कराना होगा, नहीं तो उनकी बिजली कट हो जाएगी।

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने एजेंसी का अनुबंध किया था निरस्त

# ई-टायलेट मेंटेनेंस के लिए नगर निगम ने बनाया प्रस्ताव, जल्द होगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर में रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा 2.5 करोड़ से अधिक की लागत के 32 ई टायलेट की मरम्मत और देखरेख तथा संचालन के लिए अब नई एजेंसी तय होगी। नगर निगम के स्वच्छता विभाग ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया है। ई टायलेट संचालन के लिए ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय की जायेगी।

दरअसल, राजधानी के सार्वजनिक जगहों और भीड़ वाले इलाकों में आम जनता को सार्वजनिक प्रसाधन की सुविधा उपलब्ध कराने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 4 साल पूर्व ई टायलेट का निर्माण करवाया था। इन टायलेट के निर्माण और मेंटनेंस के लिए हैदराबाद की एक कंपनी से अनुबंध किया गया। अनुबंधित कंपनी से इसके लिए 72 लाख रुपये सुरक्षा निधि के रूप जमा करवाये गये थे, लेकिन टायलेट निर्माण के बाद कंपनी कुछ महीनों के बाद ही नदारद हो गई, जबकि अनुबंध के अनुसार कंपनी को पांच साल तक ई टायलेट का मेंटनेंस करना था। इधर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने कंपनी द्वारा काम बीच में छोड़कर जाने की स्थिति निर्मित होने पर 72 लाख की सुरक्षा निधि को राजसात कर लिया।



### कई ई-टायलेट हो चुके कबाड़

कंपनी के गायब होने के बाद वर्ष 2021 तक ई टायलेट का मेंटनेंस नहीं हो पाया। साल 2022 में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने फिर से इन ई टायलेट के मेंटनेंस के लिए रायपुर की होप फार ह्यूमिनेटी एजेंसी से अनुबंध किया। सूत्रों के मुताबिक इस एजेंसी ने भी अनुबंध की शर्तों के अनुसार टायलेट का मेंटनेंस नहीं किया। हालत ये है कि अब कई ई टायलेट कबाड़ हो चुके हैं, जिसके कारण इनमें लगे पार्टस में भी खराबी आ गई है। ऐसे में रायपुर स्मार्ट सिटी ने संबंधित एजेंसी के साथ अनुबंध को निरस्त कर दिया है और नगर निगम को ई टायलेट हैंडओवर कर इसकी देखरेख की जिम्मेदारी दी है।

- नगर निगम को हैंडओवर के बाद मरम्मत संचालन के लिए तय होगी एजेंसी
- 2.50 करोड़ का लागत शहर में 32 ई-टायलेट

### प्रस्ताव बनाया है, मरम्मत संचालन के लिए होगा टेंडर

ई टायलेट की मरम्मत और इसका संचालन करने प्रस्ताव बनाया गया है। इसकी मरम्मत व संचालन के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर होगा।

- **रघुमणि प्रधान,** नोडल अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन, नगर निगम रायपुर



### स्वस्थ और अनुशासित बनाता है योगासन

**रायपुर।** योग में हम श्वांसों के आवागमन पर अपने ध्यान को केंद्रित करते हैं। यह श्वांसों पर नियंत्रण की कला है। श्वांस लेने का भी सही तरीका मालूम होना आवश्यक है। जब हम श्वांस लेते हैं तो हमारा पेट बाहर निकलना चाहिए और श्वांस छोड़ने पर अंदर जाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो आप बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। ये बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विश्व शांति भवन चौबे कालोनी में आयोजित समर कैंप में जीवन में योगासनों का महत्व विषय पर योग शिक्षिका ज्योति साहू ने कही। उन्होंने बच्चों को विभिन्न योगासनों से होने वाले लाभ से परिचित कराया। उन्होंने बतलाया कि ताड़ासन में जब बैठें तो अंगूठा और एड़ी में बराबर दूरी होनी चाहिए। यह उँचाई बढ़ाने में मदद करता है। यह खून के प्रवाह को तेज करता है और शरीर का सन्तुलन भी बनाता है। शशांक आसन से सूर्य नाड़ी और चंद्र नाड़ी एक्टिव होती है। जिससे डिप्रेसन कम होता है। रक्त का प्रवाह अच्छा होता है और आज्ञा चक्र सक्रिय होता है।

# नीट में गलत पेपर बांटे जाने का मामला पहुंचा राजभवन



- बालोद विधायक संगीता ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में नीट-यूजी 2024 की परीक्षा के दौरान गलत पेपर बांटे जाने के मामले में जांच की मांग लेकर कांग्रेस गुरुवार को राजभवन पहुंची। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से इस मामले में छात्रों की शिकायतों और परीक्षा में हुई लापरवाही की जांच की मांग को लेकर चर्चा की।

5 मई को बालोद में मेडिकल क्षेत्र की सबसे बड़ी परीक्षा नीट के लिए बालोद जिले में 2 परीक्षा केंद्र बनाये गए थे। यहां 391 परीक्षार्थियों को पहले गलत परीक्षा पेपर दे दिया गया और 45 मिनट बाद गलती का पता चला तब प्रश्नपत्र बदल कर सही प्रश्नपत्र दिया गया। इतनी बड़ी लापरवाही के बाद भी परीक्षार्थियों की मांग करने के बाद भी अतिरिक्त समय नहीं दिया गया। लापरवाही के बाद छात्रों के नुकसान को लेकर उनके परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

### छात्रों की मांगों पर चर्चा

मामले में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान बालोद विधायक संगीता सिन्हा, कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रवक्ता विकास तिवारी ने राज्यपाल से मुलाकात कर प्रभावित छात्र-छात्राओं की मांगों पर चर्चा की।

### परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़

मामले में विधायक संगीता सिन्हा ने कहा, राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में इस तरह की लापरवाही परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसकी जांच की जाना आवश्यक है। घटना से परीक्षार्थियों एवं पालकों में रोष व्याप्त है। इनको हुए नुकसान की भरपाई को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावित परीक्षार्थियों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित किया जाना या उन्हें क्षति हुए समय के बदले बोनस अंक प्रदान किया जाना न्यायसंगत होगा।

# आत्मानंद स्कूलों की सार्थकता दिखने लगी, टॉप में रहे 70 प्रतिशत बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भूपेश सरकार द्वारा मध्य वर्ग गरीबों के लिये शुरू किये गये आत्मानंद स्कूलों की सार्थकता दिखने लगी। भाजपा जिस स्वामी आत्मानंद स्कूल को बंद करना चाहती है, उसी स्वामी आत्मानंद स्कूलों के बच्चों ने 10वीं, 12वीं की प्रावीण्य सूची में 70 प्रतिशत से अधिक स्थान बनाया है।

उन्होंने कहा, स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना गरीबों और मध्य वर्ग के बच्चों के लिये संजीवनी है। इस स्कूल में बच्चों को मुफ्त अंग्रजी माध्यम की पढ़ाई कराई जाती है। गरीब और मध्य वर्ग के लिये इसका खर्च उनकी क्षमता से अधिक हो जाता है।



- स्वामी आत्मानंद स्कूलों को भाजपा सरकार बंद करना चाहती है- सुशील

इन बच्चों ने बता दिया कि अवसर मिलने पर प्रतिभा निखरती है। भाजपा सरकार इन स्कूलों को दलीय दुर्भावना से देख रही है।

पहले स्कूल शिक्षामंत्री ने घोषणा की थी, इन स्कूलों की आवश्यकता का पूनर्मूल्यांकन किया जायेगा। इसके बाद खबर आई कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों के नाम बदलकर पीएमश्री नाम दिया जायेगा। यही नहीं, भाजपा सरकार बनने के बाद पिछले चार माह से भाजपा सरकार आत्मानंद स्कूलों के शिक्षकों को वेतन नहीं दे रही है, ताकि शिक्षक स्कूलों को छोड़कर चले जायें और विद्यालयों को बंद करने का बहाना मिल जाये।

# कमल विहार अंधेरे में, स्ट्रीट लाइटें बंद, सोलर पैनल के खंबों से बैटरी-वायर तक ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के कमल विहार इलाके के कई सेक्टरों में पिछले कई महीनों से सोलर पैनल की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, जिसके कारण रात में इन क्षेत्रों की सड़कों पर अंधेरा छाया रहता है। इसके कारण इन क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों का भी डेरा है, जिनमें से कई लोग स्ट्रीट लाइटों में लगी बैटरी और वायर तक चोरी कर ले गए हैं। चोरी होने के बाद से स्ट्रीट लाइटों को सुधारा नहीं गया है, जिसके कारण कमल विहार के कई सेक्टरों में रात में अंधेरा छाया रहता है।

कमल विहार के सभी सेक्टरों की सड़कों के किनारे सोलर पैनल की स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं। इन खंभों में निचले हिस्से में बैटरी व वायर का कनेक्शन देने के लिए बॉक्स बना हुआ है, जिसके जरिए सोलर पैनल की लाइटें जलती हैं। इनमें से कई खंभों से असामाजिक तत्व बैटरी और वायर दोनों चोरी कर ले गए हैं, जिसके कारण कमल विहार के सेक्टर 11, 12, 13, 14 सहित अन्य कई इलाकों में स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हुई हैं।

### हो चुकी है लूटपाट-हत्या का प्रयास जैसी वारदातें

कमल विहार के पास शासकीय अंग्रेजी शराब की दुकान भी है। इस दुकान में हर दिन शराब खरीदने वालों की भीड़ लगी रहती है। ज्यादातर भीड़ शाम से लगती है जो दुकान बंद होने तक रहती है। शराब खरीदने के बाद कई लोग कमल विहार के सुनसान इलाकों में जाकर शराब का सेवन करते हैं। कई लोग तो स्ट्रीट लाइटें बंद होने के कारण सड़क के किनारे बैठकर शराब पीते हैं। इसके अलावा कई असामाजिक तत्वों का भी इस क्षेत्र में जमावड़ा लगा रहता है। इसके कारण इस इलाके में चोरी की घटनाओं के साथ लूटपाट, हत्या का प्रयास, मारपीट जैसी वारदातें भी हो चुकी हैं।



*महावीर नगर-अमलीडीह इलाके में कई सड़कों की स्ट्रीट लाइटें बंद : महावीर नगर अमलीडीह इलाके में भी कई कालोनियों की स्ट्रीट लाइटें पिछले कई महीनों से बंद पड़ी हैं। महावीरनगर में ओम विहार से रिद्धि-सिद्धि सोसाइटी सहित कई कालोनियों की सड़कों की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। हाल ही में रिद्धि-सिद्धि सोसाइटी के पास रात के समय में चेन स्नैचिंग की घटना भी हुई थी, जिसमें खाना खाने के बाद टहलने निकली एक महिला के गले से अज्ञात आरोपी चेन खींचकर फरार हो गया था।*

*पूरी तरह बसाहट नहीं, इसलिए सुधारी नहीं गई लाइटें : कमल विहार के कई सेक्टरों में अब तक पूरी तरह से बसाहट नहीं हो पाई है, जिसके कारण ज्यादातर सूनसान क्षेत्र हैं। सूनसान होने के कारण ही इस क्षेत्र से स्ट्रीट खंभों से बैटरी-वायर तक चोरी हो जा रहे हैं। इधर सूनसान क्षेत्र होने के कारण जिम्मेदार अधिकारी भी स्ट्रीट लाइटों को सुधारने का काम नहीं करा रहे हैं।*

# लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद कांग्रेस प्रत्याशी कर रहे समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव में मतदान होने के बाद अब कांग्रेस प्रत्याशी विधानसभा वार मतदान की समीक्षा कर रहे हैं। चुनाव के लिए विधानसभा वार प्रभारियों की नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने की थी। सभी प्रभारियों से चर्चा कर प्रत्याशी यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि मतदान किससे पक्ष में हुआ। पीठासीन अधिकारियों द्वारा दी गई मतदान की अंतिम रिपोर्ट का संकलन भी किया जा रहा है।

- विधानसभा वार नियुक्त प्रभारियों की ली जा रही जानकारी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में जिन सात सीटों पर चुनाव हुआ, उनमें कोरबा, जांजगीर, सरगुजा सीट में हुए मतदान के आधार पर यहां पर विधानसभा वार आंकड़ों के आधार पर वहां के नेताओं से चर्चा कर जानने का प्रयास प्रत्याशी कर रहे हैं कि उस दिन का माहौल कैसा रहा। वोटिंग के पूरे घटनाक्रम की जानकारी भी ली जा रही है। सरगुजा में पिछले साल से हुई अधिक वोटिंग के बाद वहां पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के माहौल को लेकर प्रत्याशी शशि सिंह ने चर्चा की। जांजगीर में प्रत्याशी डॉ. शिव कुमार डहरिया ने सभी क्षेत्र के प्रभारियों से चर्चा कर मतदान के रुख को समझने का प्रयास किया। वहीं कोरबा में ग्रामीण क्षेत्रों में कम मतदान और कुछ क्षेत्रों में पिछले चुनाव के मुकाबले बढ़ने का आकलन वहां के प्रभारियों से किया गया। वहीं रायपुर में सभी 2300 बूथ के संबंध में विकास उपाध्याय ने चर्चा कर जानकारी ली। यहां पर विधारसभा वार प्रभारियों से रिपोर्ट ली गई। बिलासपुर में मतदान के बाद वहां का फीडबैक नेताओं से लिया गया।

### पीसीसी को देंगे जानकारी

लोकसभा चुनाव के दौरान नियुक्त किए गए प्रभारियों द्वारा चुनाव की पूरी जानकारी पीसीसी को दी जाएगी। उसके आधार पर हर सीट में पार्टी के पक्ष में माहौल का आकलन किया जाएगा। बताया जाता है कि विधानसभा चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं की सक्रियता के कारण मतदान का प्रतिशत बढ़ने का फायदा किसे मिलेगा, इसे चर्चा कर जानने का प्रयास किया जा रहा है।

# संभागायुक्त भवन का धीमा निर्माण कमिश्नर अलंग ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बिलासपुर जिले के कोनी में दोमंजिला नया संभागायुक्त कार्यालय का भवन तैयार हो रहा है। कमिश्नर डॉ. संजय अलंग ने गुरुवार को निर्माणाधीन इस भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान भवन निर्माण का कार्य धीमी गति से होता देख उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्माण एजेंसी और विभागीय अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश देते हुए दिसंबर 2024 तक भवन पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### भवन के सामने गार्डन भी बनेगा

निरीक्षण के दौरान डा. अलंग ने कहा कि भवन परिसर में हरियाली भी होनी चाहिए। इसके लिए भवन के सामने एक सुंदर गार्डन होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने भवन निर्माण का काम कर रहे मजदूरों से भी चर्चा कर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता वाईएस गोपाल, ईई सीके पाण्डेय, डिप्टी कमिश्नर अर्चना मिश्रा सहित पीडब्ल्यू विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

*सवा दो एकड़ में 12 करोड़ की लागत से बन रहा नया भवन : विदित हो कि कोनी में लगभग सवा दो एकड़ भूमि कार्यालय भवन के लिए आवंटित की गई है। इस जमीन पर बेसमेंट सहित दोमंजिला भवन बनाने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग को दी गई है। शासन ने इस भवन के लिए लगभग 12 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। अब तक बेसमेंट का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा प्रथम मंजिल का निर्माण कार्य जारी है। डॉ. अलंग ने निरीक्षण के दौरान सूक्ष्मता से भवन के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया और कुछ सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार एवं अधिकारियों को भवन निर्माण में गुणवत्ता एवं समयसीमा का ध्यान रखने की हिदायत दी।*

## मणिकरण साहिब दर्शन के लिए यात्रियों का जत्था रवाना



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन के तत्वावधान में मणिकरण साहिब, अमृतसर दरबार साहिब के लिए यात्रा रवाना हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ से 125 संगत दर्शन करने जा रही है। यात्रा रायपुर से 9 मई को रवाना होकर 11 मई को सुबह सरहिंद पर पहुंचेगी, वहां से गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब जाएगी, फिर आनंदपुर साहिब होते हुए मणिकरण साहिब के दर्शन करने के बाद अमृतसर साहब पहुंचेगी। यात्रा का नेतृत्व गुरमीत सिंह टोनी, हरपाल सिंह भामरा, निरवैर सिंह सागर, रोहित मोनू, निक्कू सिंह टांक, तरन सिंह ,बलजीत चावला कर रहे हैं। यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने प्रदेश स्वच्छता अभियान के प्रमुख शंभू गुप्ता, अरुण छाबड़ा, मोनू सलूजा, लवली अरोरा आदि शामिल रहे।

# आठ साल पहले बनाए आवास सुविधाओं के अभाव में वीरान

**रायपुर।** रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी देने वाले डॉक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ के लिए करीब 8 साल पहले बनवाया गया आवास वीरान पड़ा है। इसे बनवाने में की गई लापरवाही के कारण वहां सुरक्षा, बिजली, पानी जैसी जरूरी सुविधा भी नहीं मिलने से नर्सिंग स्टाफ व डाक्टर्स ने अलॉटमेंट व मेंटेनेंस के अभाव में रहना भी शुरू नहीं किया है। इससे डाक्टर्स को अभी तक किराए के मकानों से मुक्ति नहीं मिली है। औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव के रहवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए विभाग ने 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तो बनवा दिया, लेकिन वहां ड्यूटी देने वाले नर्सिंग स्टाफ व डॉक्टर्स को मौके पर आवास की सुविधा नहीं दे पाए हैं। इसके कारण अस्पताल में सेवा देने वाले स्टाफ को हर महीने किराया देना पड़ रहा है।

### अधिकारियों को दी जानकारी

डाक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ के लिए बनवाए गए आवास में मेंटेनेंस व सुविधाओं का अभाव है। डाक्टर्स वहां रहना चाहते हैं, इसलिए अधिकारियों को वस्तुस्थिति की जानकारी दी है। जल्द ही जरूरी काम करवाने कहा गया है।

- **डॉ. ए. कुमार,** इंचार्ज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ट्रांसपोर्ट नगर रावांभाठा

नर्सिंग स्टाफ ही नहीं डाक्टर्स को भी विगत 8 साल से आवास की सुविधा का इंतजार है। आवास निर्माण करवाने पर स्वास्थ्य विभाग ने 20 लाख से ज्यादा खर्च किया, इसके बाद भी डाक्टर्स को हर महीने किराया देना पड़ रहा है। रायपुर के अलग-अलग क्षेत्र में रहने वाले स्टाफ को इमरजेंसी ड्यूटी के लिए कई बार आना-जाना पड़ता है। इससे दोहरी परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है।

## मोदी पर अडानी-अंबानी को लेकर भूपेश ने साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अडानी-अंबानी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा, यदि प्रधानमंत्री को मालूम है कि टेंपो भर-भर के नोट जा रहा है, तो वे कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, मतलब उनकी चलती नहीं है। रायबरेली रवाना होने से पूर्व संवाददाताओं से चर्चा कर रहे थे।



एआईसीसी ने श्री बघेल को रायबरेली में सीनियर पर्यवेक्षक बनाकर भेजा है। रायबरेली से राहुल गांधी चुनाव मैदान पर हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान श्री बघेल ने वहां की पूरी जिम्मेदारी संभाली थी। अपने पुराने अनुभव के आधार पर वे रायबरेली के चुनाव में कमान संभालेंगे।

पार्टी नेताओं के अनुसार अब रायबरेली में मतदान होने तक बघेल कैंप करेंगे। श्री बघेल दोपहर में यहां से लखनऊ के लिए रवाना हुए। वहां से कार से प्रस्थान कर 4.30 बजे रायबरेली पहुंचे।

## खबर संक्षेप



### जिला प्रशासन ने अजय वर्मा की पत्नी को दिया 15 लाख का चेक

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव ड्यूटी के दौरान निधन के बाद जिला प्रशासन ने नगर निगम के जनसंपर्क शाखा में पदस्थ स्वर्गीय अजय वर्मा की पत्नी नीलू वर्मा को अनुग्रह प्रतिकर राशि के रूप में 15 लाख रुपये का चेक प्रदान किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नीलू वर्मा को यह चेक सौंपा। विदित हो कि अजय वर्मा का 6 मई को निधन हुआ था, जिसके बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह के निर्देश पर कुछ दिनों के भीतर ही अनुग्रह प्रतिकर राशि जारी कर दी गई।

### साव ने किया मैराथन प्रचार, 48 विधानसभाओं में की जनसभाएं



**रायपुर ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर प्रचार कर भाजपा के लिए समर्थन मांगा। श्री साव ने 20 मार्च से 5 मई तक 66 दिनों तक लोकसभा क्षेत्रों का सघन दौरा किया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों व शहरों में जनसंपर्क और आमसभा कर भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। श्री साव ने 48 विधानसभाओं के कोने-कोने में चुनावी सभाएं कीं। तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन 11 सभाएं कीं। वहीं 66 दिनों में 121 से अधिक आमसभाएं, स्थानीय बैठकें, जनसंपर्क करते रहे। श्री साव के विधानसभा क्षेत्र लोरमी में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की ऐतिहासिक जनसभा हुई।

### परशुराम जयंती पर शरबत वितरण कार्यक्रम



**महासमुंद।** भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस पर पार्षद मनीष शर्मा द्वारा शास्त्री चौक के पास शरबत वितरण किया गया। जिसमें समाज के प्रमोद तिवारी, अश्वनी तिवारी, दीपक शर्मा, सुशील शर्मा, देवेंद्र दुबे, दिलीप तिवारी, अग्रज शर्मा, समीर तिवारी, कुंदन चतुर्वेदी, राजेश शर्मा, शुभ्रा शर्मा, मंजू शर्मा, मोना शर्मा, मनीषा शर्मा, मधु तिवारी, अभिषेक शर्मा, महेश शर्मा, प्रवीण दीवान एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

### किसानों ने ठाकुर देव को अर्पित किया धान



**महासमुंद।** ग्राम लहंगर में अक्षय तृतीया पर्व पर किसानों ने परसा पान के दोना में धान को ठाकुर देव को अर्पित किया। बाद गांव के बैगा सदाराम ध्रुव ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए गांव के किसानों को अच्छी फसल होने के लिए दोनों में धान प्रदान किया। जिसे किसानों अपने खेतों में छिड़क कर धान की बुआई की शुरुआत की। उक्त जानकारी गांव के किसान राधेलाल सिन्हा ने दी है।

# हमर न्योता योजना नए शैक्षिक सत्र से बनेगी और प्रभावी, डीईओ को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में बेहतर शिक्षा के साथ बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई न्योता भोजन योजना को आगामी शैक्षणिक सत्र से और अधिक प्रभावी बनाने के लिये सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को वार्षिक कैलेंडर बनाने निर्देश दिए गए हैं, जिससे सभी शालाओं में बच्चों को माह में कम से कम 2 बार न्योता भोजन का लाभ मिल सके। इस योजना के माध्यम से बच्चों को पौष्टिक भोजन मिलने के साथ स्थानीय समुदाय की योजना में सहभागिता भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 21 फरवरी 2024 को अपना जन्म दिवस जशपुर जिला स्थित अपने गृह ग्राम बगिया में बालक आश्रम में बच्चों के बीच मनाते हुये बच्चों के साथ भोजन कर न्योता भोजन की शुरुआत की है। योजना के प्रारम्भ होने के बाद राज्य में अनेक जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों के द्वारा राज्य की शालाओं में न्योता भोजन का आयोजन किया जा रहा है। अब तक राज्य में 17 हजार से अधिक न्योता भोजन का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें 11 लाख से अधिक बच्चे लाभांवित हुए हैं।

■ बच्चों को माह में कम से कम 2 बार न्योता भोजन का मिल सके लाभ

## सीएम साय के जन्मदिन पर हुई थी शुरुआत

### सामाजिक संगठन कर सकते हैं योगदान

यह योजना पूरी तरह स्वैच्छिक है। समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। न्योता भोजन शाला में दिये जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह केवल शाला में प्रदान किये जाने वाले भोजन का पूरक है। समुदाय के सदस्य किचन सामग्री जैसे भोजन पकाने के पात्र, बच्चों के खाने के प्लेट, थाली, गिलास तथा किचन के लिये गैस सिलेण्डर एवं चूल्हा भी उपलब्ध करा सकते हैं।



### पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना पर केंद्रित

न्योता भोजन की अवधारणा भारत सरकार की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तिथि भोजन कार्यक्रम पर केन्द्रित है। यह योजना सामुदायिक भागीदारी, विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। छत्तीसगढ़ में भोजन हेतु आमंत्रित करने को न्योता कहा जाता है। इसी आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य में तिथि भोजन को न्योता भोजन के नाम से लागू किया गया है।

## शासन से मंजूरी मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी ने एजेंसी से दूसरे चरण का शुरू करवाया काम

# कलेक्टोरेट में बनेगी दो मल्टी स्टोरी बिल्डिंग, जगह खाली मिलने से ट्रेजरी के लिए फेज-2 का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अब कलेक्टोरेट कार्यालय में भी मल्टी स्टोरी बिल्डिंग देखने को मिलने वाली है। पुराने भवनों का कायाकल्प भी होगा। इसकी शुरुआत लोक निर्माण विभाग ने की है। इसके लिए शासन से वित्तीय मंजूरी के बाद पीडब्ल्यूडी ने एजेंसी तय करने के बाद मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाने के लिए एजेंसी को वर्कआर्डर भी किया है। परिसर में जी -5 एवं जी-2 लेवल मल्टी स्टोरी बिल्डिंग का निर्माण होना है। इसके लिए जगह खाली मिलने से एजेंसी ने दूसरे फेज के निर्माण को पहले शुरू किया है। इस बिल्डिंग में ट्रेजरी की शिफ्टिंग होगी।

जिला कार्यालय का नवीन संयुक्त भवन एवं कलेक्टर कार्यालय रायपुर के निर्माण कार्य के साथ ही परिसर व मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में जल प्रदाय, सेनेटरी फिटिंग्स एवं विद्युतिकरण को शामिल किया है। शासन से इस काम के लिए 29.15 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इसके बाद पीडब्ल्यूडी ने एजेंसी तय करने के बाद अब काम भी शुरू करवा दिया है। मुख्य अभियंता ज्ञानेश्वर कश्यप के निर्देश पर विभाग के जिम्मेदारों ने भवन का बिल्डअप एरिया को दो पार्ट में बांटा है। इसमें फेज-1 में 13866.00 वर्ग मीटर क्षेत्र में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग का निर्माण होगा। वहीं फेज -2 में प्रस्तावित 1326.00 वर्ग मीटर में जी-2 लेवल बिल्डिंग का निर्माण एजेंसी ने शुरू किया है। इस बिल्डिंग में बिजली, पानी सहित बाउंड्री का भी निर्माण होगा। इसे देखते हुए पीडब्ल्यूडी ने 22.53 करोड़ सिविल वर्क और 5.00 करोड़ रुपए बिजली कार्य के लिए तय करके एजेंसी को वर्कआर्डर किया है।





### 24 महीने में तैयार होगी नई बिल्डिंग

विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक फेज-1 और फेज दो में मिलाकर 150 से ज्यादा कमरे, दोनों मल्टी स्टोरी में अलग-अलग मीटिंग हाल भी होंगे। काम के सिलसिले में आने वाले लोगों के लिए वेटिंग हाल, यूरिनल एवं टॉयलेट के साथ ही पेयजल की सुविधा भी प्रोजेक्ट का हिस्सा है। अभी जी-5 यानी पहले फेज का निर्माण शुरू करने के लिए जगह खाली नहीं है। इसे देखते हुए एजेंसी ने भी जिम्मेदारों के निर्देश पर जी-2 यानी दूसरे फेज का काम शुरू किया है। बताया जाता है कि दोनों फेज के काम को 24 महीने में एजेंसी को पूरा करना है।

### जगह खाली होने पर शुरू होगा काम

अभी पहले फेज के लिए मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाने के लिए जगह खाली करवाने की प्रक्रिया होगी। इसके बाद पुराने निर्माण को तोड़ने और मलबे को हटाने के बाद जी-5 लेवल की बिल्डिंग का निर्माण एजेंसी शुरू करेगी। दोनों ही भवनों का निर्माण होने से कलेक्टोरेट कैंपस सर्व सुविधा युक्त होने के साथ ही विभागीय व्यवस्था भी बेहतर होगी। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा भवन की तलाश की जा रही है। फेज -2 का काम पहले होने से ट्रेजरी व कम स्टाफ वाले विभागों को नई बिल्डिंग में शिफ्ट करने के बाद ही आगे जगह खाली हो सकती है।

### 5 करोड़ में होगा विद्युतिकरण कार्य

विभाग ने कलेक्टोरेट में होने वाले दो मल्टी स्टोरी बिल्डिंग निर्माण के अलावा उसमें विद्युतीकरण के लिए 5 करोड़ का बजट तय किया है। इससे दोनों ही बिल्डिंग में बिजली सेवा को भी व्यवस्थित किया जाएगा। इसके साथ ही परिसर में भी रोशनी के लिए एजेंसी से निर्माण भी करवाया जाएगा। निर्माण एजेंसी द्वारा परिसर में करवाए गए निर्माण को बचाते हुए ही प्रस्तावित काम करवाने का प्रयास किया है। इसे देखते हुए अभी मल्टी लेवल पार्किंग की तरफ से काम शुरू करवाया गया है, ताकि आने-जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### एजेंसी को दी गई जिम्मेदारी

*कलेक्ट्रेट में प्रस्तावित प्रोजेक्ट के लिए एजेंसी तय करके समय पर निर्माण पूरा करने के लिए जिम्मेदारी दी गई है। होने वाले काम की इंजीनियर्स की टीम जांच करेंगी। अभी दूसरे फेज का काम जगह खाली मिलने से पहले शुरु किया है।*

**- ज्ञानेश्वर कश्यप**
मुख्य अभियंता
पीडब्ल्यूडी, रायपुर

# अग्नि सुरक्षा और रोकथाम पर चैंबर भवन में कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने अग्नि सुरक्षा एवं रोकथाम विषय पर कार्यशाला आयोजन के लिए अग्निशमन विभाग के निर्देशक अजातशत्रु बहादुर सिंह से सौजन्य मुलाकात की। कार्यशाला का आयोजन बॉम्बे मार्केट स्थित चैंबर के सभाभवन में किया जाएगा। कार्यशाला में शहर के सभी व्यापारिक एवं उद्योग संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला में अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के द्वारा अग्निशमन दुर्घटना में जनजागरण सुरक्षा संबधी जानकारी का प्रदर्शन करके दिखाया जाएगा। कार्यशाला के मुख्य अतिथि अग्निशमन विभाग के निर्देशक अजातशत्रु बहादुर सिंह होंगे। श्री पारवानी ने कहा कि गर्मी के सीजन में दुकानों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इस प्रकार के दुर्घटना से कैसे बचा जा सकता है, इससे होने वाली हानि को कैसे रोका जा सकता है। इस संबंध में विषय विशेषज्ञ कार्यशाला में प्रतिभागियों को जानकारी देंगे।*

■ कैट टीम ने विभाग के निदेशक अजातशत्रु बहादुर सिंह से की मुलाकात

# टॉप टेन के छात्रों को पूर्व सीएम बघेल और विधायक संदीप ने फोन पर दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में स्वामी आत्मानंद गुरुघासीदास स्कूल कसडोल की 10वी की छात्रा निधि साहू ने प्रदेश में 5वां स्थान प्राप्त किया है, वहीं 12वी में कोपल अमबस्ट ने 600 अंकों में 588 अंक लेकर 98% प्रतिशत अर्जित कर पूरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त की है। इसी तरह छत्तीसगढ़ टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त करने पर दोनों होनहार बेटियों को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कसडोल विधायक संदीप साहू ने फोन से वीडियो कॉलिंग कर बधाई दी। विदित हो कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कसडोल विधायक संदीप साहू अभी चुनावी प्रचार के लिए रायबरेली (उत्तरप्रदेश) में है। अपने चुनावी व्यस्तता में समय निकालकर फोन से वीडियो कॉलिंग के माध्यम से इन दोनों विद्यार्थियों से बात कर बधाई दी।

कसडोल विधायक संदीप साहू ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल व उत्कृष्ठ हिंदी माध्यम स्कूल से पढ़कर आज घोषित हुए नतीजों के तहत पूरे छत्तीसगढ़ में टॉप 10 में 10वीं में आये कुल 59 बच्चों में से 21 बच्चे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय से हैं। इसी प्रकार से 12वीं के टॉप 10 में आये कुल 20 बच्चों में से 7 बच्चे स्वामी आत्मानंद विद्यालय से हैं। ये अपने आप में इस बात का प्रमाण है कि कैसे भूपेश बघेल यहां के बच्चों की शिक्षा के प्रति चिंतित थे।

### इंदिरा देवी गौरहा स्कूल का परिणाम 80 प्रतिशत रहा

**कसड़ोल।** इंदिरा देवी गौरहा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल का हाई और हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत रहा है, जिसमें कक्षा 10वीं में रागिनी पिता सत्यनारायण साहू ने 89.16 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त की। वांक्षी पिता गजेंद्र कुमार मानिकपुरी ने 83.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थानप्राप्त की। इसी तरह मिताली पिता अश्वनी घिडले 81.50 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही।कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में कु विभा पिता ओमप्रकाश यादव 84.20 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही। वही लिलम पिता प्यारेलाल पटेल 82 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त की। तृप्ती चन्द्रकिशोर वर्मा 79 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय रही। इसी प्रकार कला निकाय मे रीया पिता संदीप कुमार धृतलहरे 73.80 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम रही। कुमकुम पिता अश्वनी वर्मा 67.60 अंक लेकर द्वितीय। हंसिका पिता रामलाल कठोत्रे 65.50 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही।विद्यालय के परीक्षा परिणाम पर संतुष्टी जाहिर करते हुए संस्थापक अध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। वहीं प्राचार्य वर्षा शर्मा एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

### सशिमं का परीक्षाफल रहा उत्कृष्ट

**कसडोल।** सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल का बोर्ड परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा है। जानकारी के अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल से हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में कुल 72 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें 49 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 36 तथा द्वितीय श्रेणी में 13 रहे। छात्र हेमंत भास्कर ने 90.33 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, लक्ष्मी साहू 89.33 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा पीयूष साहू 88.33 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। हायर सेकण्डरी परीक्षा में कुल 64 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें 23 प्रथम श्रेणी, 23 द्वितीय श्रेणी तथा 1 तृतीय श्रेणी रहा। भावना साहू 91.4 प्रतिशत प्रथम, नीलम केंवट 87.6 प्रतिशत द्वितीय तथा तिलक बरीहा 77.8 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय संचालन समिति के संरक्षक सदस्य लखनलाल तिवारी, एस.के. मिश्रा, अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू, व्यवस्थापक देवेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीचंद्र दुबे, उपाध्यक्ष भोजपाल वर्मा, सह सचिव दशरथ पैकरा, समिति सदस्य के.आर. कैवर्त्य, इंदिरा देवी कर्ष, सीताराम श्रीवास, शांति कुमार साहू, अशोककुमार वर्मा, श्यामसुंदर साहू, ललितनारायण साहू, कुमुदिनी कश्यप, प्राचार्य जयलाल मिश्रा सहित सभी सदस्यों ने बधाई दी।

# भक्त सुदामा के चूड़ा से भगवान श्रीकृष्ण की भूख मिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

ग्राम मोहान में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन जारी है। भागवत कथा में श्री राधे-राधे की धून गूंजायमान है। यह आयोजन जीवराखन निषाद निषाद द्वारा कराया जा रहा है। कथावाचक पं. रूपेश महाराज विस्तारपूर्वक भागवत कथा सुना रहे हैं, जिसे सुनने के लिए आसपास के ग्रामीण पहुंच रहे हैं।

कथावाचक ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि सुदामा का जन्म ब्राह्मण परिवार में हुआ था, उनके पिता का नाम मटुका और माता का नाम रोचना देवी था। भगवान श्री कृष्ण राजकीय परिवार से थे और भगवान विष्णु के अवतार थे, लेकिन यह सामाजिक आर्थिक स्थिति का अंतर उनकी शिक्षा के मध्य नहीं आया। सभी विद्यार्थी गुरु की सब प्रकार से सेवा करते थे। एक बार कृष्ण और सुदामा गुरु सान्दीपनि मुनि के कहने पर लकड़ी लेने के लिए जंगल में गये। बारिश होने लगी और वे एक पेड़ के नीचे रुक गए। सुदामा के पास नाश्ते के लिए थोड़ा चुड़ा था। सर्वज्ञ श्रीकृष्ण ने कहा कि वह भूखे हैं, सुदामा ने पहले तो कहा कि उनके पास कुछ नहीं है हालांकि, श्रीकृष्ण की अवस्था को देखते हुए उन्होंने उनके साथ अपना नाश्ता बांटा तब भगवान कृष्ण ने उन्हें कहा कि चुड़ा उनका पसंदीदा नाश्ता है। इस तरह उनकी दोस्ती आगे बढ़ी। जब वे बड़े हुए तो अपने–अपने रास्ते चले गए। उन्होंने वर्षों में संपर्क खो दिया और जब श्रीकृष्ण द्वारका में महा- ख्यातिप्राप्त राजपरिवार का एक शक्तिशाली भाग बन गए, तो सुदामा एक विनम्र लेकिन एक गरीब ग्रामीण बने रहे, जब कृष्ण शासन कर रहे थे, सुदामा अत्यधिक गरीबी से गुजर रहे थे और परिवार का भरण–पोषण करने के लिए भी पर्याप्त धन नहीं था, उनकी पत्नी सुशीला ने उन्हें कृष्ण के साथ अपनी दोस्ती स्मरण करवाया। सुदामा ने राजा श्रीकृष्ण से कृपा नहीं मांगी। उसने सोचा कि यह मैत्री का सिद्धांत नहीं है और अपने अल्प साधनों द्वारा रहने लगे। एक दिन कृष्ण उनसे मिलने गए। सर्वज्ञ भगवान जानते थे कि उनका मित्र कठिन समय पर गिर गया था। सुदामा अपनी गरीबी से इतने संकुचित थे कि उन्होंने कृष्ण को अपने घर में आमंत्रित नहीं किया। कृष्ण ने उपहास में उसे एक नाश्ता परोसने के लिए कहा, क्योंकि वह एक अतिथि थे।

सुदामा, अपनी गरीबी के बावजूद, अंदर गए और चुड़े के आखिरी दाने मिले उसे स्मरण आया कि चुड़ा श्रीकृष्ण का प्रियतम खाद्य है। श्रीकृष्ण ने नाश्ते को बड़े चाव से खाया और मिठाइयां लेकर निकल गए। जब सुदामा वापस घर में जाने के लिए मुड़े, तो उन्हें आश्चर्य हुआ कि उनका घर कुटिया के बजाय एक महलनुमा हवेली में बदल गया, उसने अपने परिवार को भी भव्य पोषाक पहने और उसकी प्रतीक्षा करते हुए पाया। इस अवसर पर मणिशंकर निषाद, ठाकुर राम देवदास, फिरत राम नेताम, द्वारका धनेश्वर निषाद, खिलावन, मिथिलेश, पंचराम निषाद, रामलाल, रेखा देवदास, जगत राम, कलीराम, पुराण, पंचराम, मूलचंद, कन्हैया, जोगीराम, रवि यादव, छवि यादव, पूरन निषाद, राधेश्याम निषाद सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

■ श्रीमद्भागवत कथा में गूंजायमान हो रही श्री राधे-राधे की धून



Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## प्रेस क्लब सरसींवा का हुआ गठन

**मुड़पार-सरसींवा।** प्रेस क्लब सरसींवा की बैठक 9 मई को हुई। बैठक में सरसींवा अंचल के सभी पत्रकार उपस्थित हुए और प्रेस क्लब का गठन किया। प्रेस क्लब के गठन में संरक्षक पद में शिवरात्रि केशरवानी, नीलकान्त खटकर, मनीष अग्रवाल, अध्यक्ष पद राकेश सोनी, उपाध्यक्ष रमेश कुमार मनहर, दरस टंडन, सचिव राहुल पाण्डेय, सह सचिव शुभम दुबे, कोषाध्यक्ष प्रकाश धर दीवान, सह कोषाध्यक्ष अशोक मनहर, महासचिव हेमंत बंजारे, मीडिया प्रभारी कान्हा अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य में युवराज निराला, सोनू साहू, जगनथीया साहू,चित्रसेन घृतलहरे, गोपी अजय और हुलेश साहू को जिम्मेदारी देते हुए कार्यकारिणी का गठन किया गया।



## खबर संक्षेप

### रौनक ने प्राप्त किये 96.60 प्रतिशत अंक



**गिधौरी।** ट्रिनिटी कान्वेंट स्कूल शिवरीनारायण की छात्र रौनक घृतलहरे ने दसवीं कक्षा की परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक अर्जित की है। रौनक घृतलाहरे शुरू से ही मेधावी छात्रा रहीं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के अध्यापकों एवं माता-पिता को दिया है। हर साल इस विद्यालय से बच्चे मेरीट की सूची में जगह बना लेते हैं। पिछले बार छतीसगढ़ में 7वां स्थान बनाया था।

### शिशु संस्कार केंद्र के बोर्ड परीक्षा परिणाम में छात्राओं का रहा वर्चस्व

**महासमुंद।** शिशु संस्कार केंद्र उमावि के कक्षा 10वीं का परिणाम 89.52 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का परिणाम 85.11 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में सर्वोत्तम अंक गुणेश्वरी पटेल ने 600 अंकों में 567 अंक 94.5 प्रतिशत एवं काजल चंद्राकर 600 अंकों में 563 अंक 93.8 प्रतिशत, पूजा शर्मा 600 अंकों में 560 अंक 93.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला का मान बढ़ाया। वहीं कक्षा 12वीं प्रथम जुबेरिया मनिहार 500 अंकों में 439 अंक 87.8 प्रतिशत, द्वितीय सपना सोनी 500 अंकों में 419 अंक 83.8 प्रतिशत, निरजरा 500 अंकों में 409 अंक 81.8 प्रतिशत प्राप्त किया। छात्रों की सफलता पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं प्राचार्य व शाला स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### खरोरा में मनाई गई परशुराम की जयंती



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। भगवान परशुराम की प्रतिमा को फूल से सजाया गया। उसके बाद भगवान परशुराम की आरती की गई। इस दौरान सभी ने भगवान परशुराम के जयकारे लगाए। बता दें कि परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। उनकी जयंती वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल में तृतीया तिथि में हुआ था। इस साल परशुराम जयंती को 10 मई को मनाई गई। इस अवसर पर मितानिन कौशल्या चंद्राकर, लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर मौजूद रहे।

### बिरकोनी में कक्षा 10वीं से दामिनी रही प्रथम

**बिरकोनी।** शासकीय नवीन कन्या शाला बिरकोनी में कक्षा 10वीं की छात्रा दामिनी चंद्राकर ने 87.8% प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्राचार्य टामेश्वरी साहू ने बताया कि छात्रा की इस उपलब्धि से स्कूल एवं गांव का नाम रोशन हुआ है। छात्रा के पिता भोला चंद्राकर एक किसान है। दामिनी शुरू से पढ़ाई के प्रति गंभीर, शांतिप्रिय एवं अनुशासित छात्रा के रूप में पहचान रही है। दामिनी ने इसका श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजन को दिया।

परिणाम : स्कूल प्रबंधन में हर्ष, उपलब्धि के लिए छात्रों के प्रति जताया आभार

# भरत देवांगन स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा








छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई व हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसके अंतर्गत भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा का परीक्षा परिणाम उत्तम रहा। कक्षा 12वीं हिंदी माध्यम परीक्षा परिणाम कुल दर्ज 175, सम्मिलित 175, जिसमें प्रथम श्रेणी में 116, द्वितीय श्रेणी 49, तृतीय 1, पूरक 7, अनुतीर्ण 2, उत्तीर्ण प्रतिशत 94.86 रहा। संकायवार परिणाम कला संकाय 88.23 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय 98.14 प्रतिशत, जीव विज्ञान संकाय 100 प्रतिशत एवं गणित संकाय 100 प्रतिशत रहा। 12वीं अंग्रेजी माध्यम परीक्षा परिणाम कुल दर्ज 8 सम्मिलित 8, जिसमें प्रथम श्रेणी 7, द्वितीय श्रेणी 1, उत्तीर्ण प्रतिशत 100 प्रतिशत रहा। संकायवार परिणाम, वाणिज्य संकाय 100 प्रतिशत , जीव विज्ञान व गणित 100 प्रतिशत रहा। इसी तरह हिंदी माध्यम 10वीं परीक्षा परिणाम कुल दर्ज 194, सम्मिलित 188, जिसमे प्रथम श्रेणी 74, द्वितीय श्रेणी 83, तृतीय 10, पूरक 14, अनुतीर्ण 07, उत्तीर्ण प्रतिशत 88.83 प्रतिशत, एवं अंग्रेजी माध्यम कुल दर्ज 19, सम्मिलित 19, जिसमें प्रथम 12, द्वितीय 3, तृतीय 1, अनुतीर्ण 3, उत्तीर्ण प्रतिशत 84.21 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं में पंकज टंडन 94.00 प्रतिशत, नीरज तिवारी 93.60 प्रतिशत, अनुष्का देवांगन 91 प्रतिशत, रेणुका 89.40 प्रतिशत, डॉली 88.80 प्रतिशत, भोजराज वर्मा 87.80 प्रतिशत, मुस्कान सिंह 87.20 प्रतिशत, धनेश 85.80 प्रतिशत, रूपाली 85.80 प्रतिशत, आकाश देवांगन 85.40 प्रतिशत, अरिबा अली 85.00 प्रतिशत उत्तीर्ण रहे। इसी तरह 10वीं में छात्र छात्राओं में हेमलता साहू 93.67 प्रतिशत, पल्लवी सोनकर 93 प्रतिशत, प्रभात साहू 90.67 प्रतिशत, लितेश कुमार देवांगन 90 प्रतिशत, डॉली देवांगन 89.17 प्रतिशत, ओमकुमारी 88.33 प्रतिशत, यशवंत देवांगन 88.17 प्रतिशत, भूमिका वर्मा 87.67 प्रतिशत, रविन्द्र कुमार साहू 86.67 प्रतिशत, साक्षी निषाद 86.17 प्रतिशत, लक्ष्मी जोशी 85.50 प्रतिशत, वहीं अंग्रेजी माध्यम से युगप्रिया वर्मा 85.67 प्रतिशत, दिव्यांशी देवांगन 85.50 प्रतिशत से उत्तीर्ण रहे। इस परीक्षा परिणाम पर विद्यालय परिवार ने सभी छात्र-छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### एबीसी के विद्यार्थियों ने लहराया परचम








**खरोरा।** 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव के विद्यार्थियों ने डिस्टेंसन के साथ उत्तीर्ण होकर अंचल में परचम लहराया है। कक्षा 10वीं में छात्र गौरी शर्मा 89.50 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, चांदनी वर्मा 89.33 द्वितीय एवं अदिति नायक 87 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय से छात्र मुस्कान चक्रधारी 85.20 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, चेतना देवांगन 75.60 प्रतिशत द्वितीय एवं मोनिका तुमरेटी 64 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं। 10वीं में 100 प्रतिशत एवं 12वीं में 90 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 10वीं बोर्ड में 90 प्रतिशत विद्यार्थियों को सभी विषयों में एवं 12वीं में मुस्कान चक्रधारी को पूरे विषयों में डिस्टेंसन प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पालकों को बधाई दी एवं इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीबीएसई करिकुलम की एक्टिविटी बेस्ड शिक्षण तथा स्किल एजुकेशन कारगर साबित हुआ है।

### सशिमं के छात्रों ने मारी बाजी








**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर खरोरा का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। इस परीक्षा परिणाम में कक्षा दसवीं में कुल संख्या 80 उपस्थित संख्या 80, उत्तीर्ण संख्या 75, प्रथम श्रेणी 51, द्वितीय श्रेणी 24 रहे। प्रथम स्थान नम्रता गिलहरे 94.83 प्रतिशत, द्वितीय स्थान निहारिका वर्मा 94 प्रतिशत, तृतीय स्थान मनोज देवांगन 89.83 प्रतिशत रहा। इस प्रकार कक्षा 10वीं का कुल प्रतिशत 93.75 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुल संख्या 44, उपस्थित संख्या 44, उत्तीर्ण 36 जिसमें प्रथम श्रेणी 25, द्वितीय श्रेणी 11 प्रथम स्थान, मोनिका मार्कण्डे 83.83 प्रतिशत, द्वितीय स्थान नेहा साहू 83.40 प्रतिशत, तृतीय स्थान तारिणी साहू 81.80 प्रतिशत, कक्षा 12वीं का कुल प्रतिशत 81.81 प्रतिशत रहा। इन सभी छात्रों को संचालन समिति के समस्त सदस्यों एवं विद्यालय परिवार ने आभाजर जताया है।

### मोहरा स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हिरमी-रावन। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर में कक्षा 10वीं कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरा में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए विद्यार्थी 56 प्रथम श्रेणी 15, द्वितीय श्रेणी 24 तृतीय श्रेणी 2 पूरक 7 अनुत्तीर्ण 8, कुल परिणाम 73.81 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में सम्मिलित हुये परीक्षार्थी 46 उत्तीर्ण 45 पूरक 1 कुल परिणाम 97.83 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में प्रथम दुर्गेशकुमार पिता श्यामकुमार 88.16 प्रतिशत, द्वितीय पूनम पिता रामाधार 87.16 प्रतिशत, तृतीय सागर पिता रघुनंदन 86.66 प्रतिशत कक्षा 12वीं में प्रथम नेहा पिता खुबचंद 88.4 प्रतिशत, द्वितीय समीर पिता बेनीराम 84 प्रतिशत, ओमीन पिता तेजप्रकाश 81.6 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर विद्यालय समाज, गांव का नामरोशन किया। सफल हुये विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों और माता–पिता को दिए प्राचार्य राय ने शुभकामनाएं देते हुये कहा 10वीं और 12वीं में उत्तीर्ण हुए छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों को बधाई दी। जो विद्यार्थी परीक्षा में सफल नहीं हो पाए हैं, उन्हें भी निराश होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है। अगली बार मेहनत थोड़ी ज्यादा करें देखिएगा सफलता आपके कदमों में होगी। मैं पुनः समस्त विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। यह हमारे स्कूल एवं समाज के लिए गौरव की बात है, कि हमारे विद्यालय की विद्यार्थियों ने गांव समाज परिवार का मान बढ़ाया है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरा के शिक्षकों के सुनियोजित अध्यापन कार्य के लिए समस्त शिक्षकों को बधाई एवं पूरा विद्यालय परिवार की ओर से सफल हुए परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते प्राचार्य सहित स्कूल के स्टाफ सहित गांव के लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अक्षय तृतीया पर बच्चों ने गुड्डा-गुड्डी का किया विवाह

**भवानीपुर।** क्षेत्र में अक्षय तृतीया व अकती तिहार धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सुबह किसानों ने स्नान कर गांव के इष्ट देवताओं की पूजा अर्चना कर अपने खेत में धान लेकर पूजा–पाठ किया। ग्राम भवानीपुर में गांव के छोटे–छोटे बच्चों द्वारा गुड्डा–गुड्डी का विवाह रचाया, जिसमें सामाजिक रीति रिवज के अनुसार गाजे बाजे के साथ बाराती निकाले, जिसमें गांव के वरिष्ठ नागरिक भी यह आयोजन में शामिल होकर शोभा बड़ा दिये। बता दे कि बारातियों को भोजन भी दिया गया तथा गांव के नागरिकों को छोटे बच्चे द्वारा श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नंदकुमार साहू, ओंकार प्रसाद साहू, दिना देवदास, एवन देवदास, हीरामणि साहू, सुसेन, कमल, लवकुश निषाद, युद्धेश्वर साहू, दुखु राम, डुमन, कमल, तीरिथ साहू, गिरधारी साहू, तिलेश्वर साहू, हेमंत देवदास, वानी साहू, देवकी साहू, सकुन, उर्मिला, वीणा साहू, कौशिकी साहू, करीना देवदास, वासु देवदास, छोटे–छोटे बच्चे व बुजुर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## मतदान केंद्र देवसुंद्रा में स्काउट गाइड के छात्रों ने दिया योगदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड पलारी के ग्राम देवसुंद्रा में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्काउट गाइड के छात्रों ने लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में तथा पेयजल व्यवस्था में बुजुर्गों के देखभाल करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. कोमल वैष्णव ने बताया कि पूरे प्रदेश में स्काउट गाइड के छात्रों ने अपने अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों में असमर्थ असहाय बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक सुगमता के साथ पहुंचाने में मदद किए हैं। बहुत ही सराहनीय कार्य है। देवसुंद्रा मतदान केंद्र में नारायण धीवर, नसिंर्ग धीवर, गोकर्ण पटेल, सोहन विश्वकर्मा, लिवेश पटेल, राजीव वर्मा, विजय यदु, डागेश धीवर, राज धीवर, हंसिका साहू, मुस्कान देवांगन, कामनी साहू, गोदावरी साहू, डाली वर्मा, मेनका यदु, नागेश्वरी यादव, मितानिन ममता वर्मा, पार्वती धीवर आदि ने विशेष योगदान दिये।

## आर्टिफिशयल ज्वेलरी निर्माण का निःशुल्क प्रशिक्षण 13 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

रायगढ़ एवं सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए 13 मई से शुरू होने वाले आर्टिफिसियल ज्वेलरी निर्माण के निशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन किया जा रहा है। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में आर्टिफिसियल ज्वेलरी निर्माण का 13 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण 13 मई से प्रारंभ होगा। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 8 वीं पास और 12वीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, बैंक पासबुक एवं 5 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टीवी टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी के लिये इस नम्बर पर वाट्सअप करके पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना,खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये 35–35 सीट निर्धारित हैं।

## बीमार पशुओं के उपचार के लिए हेल्पलाइन नं. 1962 पर डायल करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

- पशु मोबाइल मेडिकल एम्बुलेंस घर पहुंच सेवा प्रदान करेगा

पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित और छत्तीसगढ़ सरकार के पशुधन विकास विभाग द्वारा राज्य के सभी जिलों में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई संचालित है, जिसके लिए हेल्पलाइन 1962 डायल करके पशु चिकित्सा के लिए अपना जानकारी देना होगा, जिसके बाद पशुधन मालिक के दरवाजे पर 1962 वाहन डॉक्टर सहित समय पर उपचार प्रदान करेगा।




**1962 डायल के बाद जांच प्रक्रिया:** जब दिन के किसी भी समय 1962 आपातकालीन सेवा केंद्र पर पशुधन मालिक से इमरजेंसी कॉल प्राप्त होता है, तो पूछकर बेसिक जानकारी प्राप्त की जाती है और कॉल करने वाले को उनके निकटतम सरकारी मोबाइल पशु चिकित्सा क्लिनिक-एम्बुलेंस, अस्पताल तक जानकारी प्रसारित की जाती है। कॉल सेंटर में पशु चिकित्सक आपातकाल के प्रकार का पता लगाता है और या तो ऑनलाइन मेडिकल डायरेक्शन (ओएलएमडी) प्रदान करता है या एम्बुलेंस भेजता है। पशु चिकित्सक के साथ एम्बुलेंस पशुपालक के दरवाजे तक पहुंचती है। बीमार मवेशियों की स्थिति का आकलन करती है और मौके पर ही उपचार प्रदान करती है। इस 1962 सुविधा के लिए राज्य शासन से कई कंपनी ने आपात सेवा देने के लिए अनुबंध किया है, जिसके तहत वे निरंतर काम कर रहे हैं।

## आज दिव्यांगों के लिए लगेगा मेडिकल कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

- छूटे हुए दिव्यांगों की प्रमाण पत्र के लिए होगी जांच

सिविल अस्पताल सारंगढ़ में 11 मई द्वितीय शनिवार को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक मेडिकल कैंप किया जाएगा। ऐसे दिव्यांग व्यक्ति जिनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बना है, वे आधार कार्ड की फोटो कॉपी और दिव्यांगता दिखता हुआ 2 पासपोर्ट फोटो के साथ उपस्थित होकर अपना परीक्षण करवा कर लाभ प्राप्त करें। इसमें दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए छूटे हुए दिव्यांगों का जांच, आंकलन और यूडीआइडी पोर्टल में रजिस्टर्ड होगा, जिनके प्रमाण पत्र बन जाने से सरकार की कई योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसमें शिशु, नेत्र, अस्थि (हड्डी) और ऑडियो लॉजिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर और उनके सहयोगी उपस्थित रहेंगे। इससे दिव्यांग सहित आम नागरिकों को इलाज में सुविधा और दिव्यांग को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने में सुविधा मिलेगी। जिन दिव्यांग का पूर्व में दिव्यांग प्रमाण पत्र बन चुका है, उन दिव्यांग लोगों को इस शिविर में आने की जरूरत नहीं है। शिविर में अन्य कोई प्रमाण पत्र या सामग्री का वितरण नहीं की जाएगी। इस शिविर में आए सभी लोग, बच्चों के बीमारी, नेत्र, अस्थि (हड्डी) और कान से जुड़े बीमारी का जांच करा सकते हैं।

## 10 दिवसीय प्रशिक्षण में छात्रों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शारीरिक प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीताराम यादव, विशिष्ट अतिथि भारत लाल वर्मा, अश्विनी पाटकर रहे।

छात्रों द्वारा अतिथियों के समक्ष प्रशिक्षण वर्ग में सीखे गए कौशलों का प्रकटीकरण किया गया, जिसमें योग अभ्यास, शारीरिक अभ्यास, व्यक्तिगत गीत, हमारा लक्ष्य का वाचन आदि प्रमुख रहा।

साथ ही बोर्ड परीक्षा 10वीं 12वीं के परीक्षा परिणाम का समग्र वृत्त का वाचन परीक्षा प्रमुख द्वारा किया गया।

इस प्रशिक्षण वर्ग में छात्रों को विविध आयामों एवं कौशलों में पारंगत किया गया। प्रशिक्षण वर्ग के प्रमुख विषय शारीरिक एवं खेलकूद यशवनी कुमार निषाद, पूर्णिमा पाटकर, संतोषी यादव, कंप्यूटर शिक्षा धरमूलाल टंडन, डिंपल मानिकपुरी, संगीत शिक्षा कंचन वर्मा संगीता वर्मा, स्मार्ट क्लास शिक्षा अश्विनी पाटकर, स्पोकन इंग्लिश, तोरण लाल कुर्रे गणित एवं विज्ञान शिक्षा सारिका देवांगन, हिंदी एवं सामाजिक विज्ञान शिक्षा रंजीत गुप्ता ने सभी विषय विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओं को सिखाया गया।

इस प्रशिक्षण वर्ग की अतिथियों द्वारा सराहना की गई एवं सतत सर्वांगीण विकास शिशु मंदिर द्वारा आगे भी प्रदान किया जाता रहे ऐसी अपेक्षा की गई। 10 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में 102 छात्र और 118 छात्राएं सहित 220 विद्यार्थियों ने पूरे दिन उपस्थित होकर लाभान्वित हुए।




